28 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 3/28/2024 11:09 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 मनरेगा की बढ़ी मजदूरी, अब मिलेंगे मजदूरों को 243 रुपए



## खबर संक्षेप

### महाकाल भक्त मंडल का होली मिलन 31 को

**कोरबा।** महाकाल भक्त मंडल द्वारा 31 मार्च को शाम 4 बजे हरिमंगलम होटल टीपी नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन जा रहा है। जिले में श्री शिव महापुराण कथा, विश्व विख्यात पूज्य महाराज प्रदीप मिश्रा जी (सिहोर वाले) के मुखारविंद से 7 दिवसीय कथा का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में श्री महाकाल भक्त मंडल कोरबा व्दारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी श्री महाकाल भक्त मंडल के अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, सचिव राजेन्द्र तारक, उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य अरविंद केशरवानी के द्वारा की जा रही है।

### ऋषिता ने किया जिले को गौरवान्वित

**कोरबा।** अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावना मृतसंघ (इस्कॉन) द्वारा आयोजित



राज्यस्तरीय नैतिक शिक्षा स्पर्धा में दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कोरबा की छात्रा ऋषिता सिन्हा ने प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान अनुष्ठान (इसरो) का दौरा करने सुनहरा अवसर प्राप्त किया है। ऋषिता ने न केवल शैक्षिणिक गतिविधि में अपितु अन्य गतिविधियों में भी हमेशा प्रथम रहीं हैं। ऋषिता ने अपनी इस उपलब्धि से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वर्तमान में ऋषिता नवमी कक्षा में अध्ययनरत है।

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 18 तक

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी 18 मार्च से आवेदन शुरु हो गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल निर्धारित है। इसके साथ ही आवेदन के पश्चात् त्रुटि सुधार हेतु 19 से 26 अप्रैल तथा प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तिथि 18 मई निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफा पाली/पोड़ी-उपरोड़ा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में संपर्क किया जा सकता है।

### कुसमुण्डा मार्ग का सफाई अभियान शुरु

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मुख्य मार्ग की धूल डस्ट से ना सिर्फ राहगीर बल्कि सड़क किनारे रहने वालों का भी जीना मुहाल हो गया हैं। बीते तीन वर्ष से कोरबा कुसमुंडा मार्ग पर फोर लेन का काम चल रहा है, जिसकी गति बेहद धीमी हैं। पीडब्ल्यूडी की देख रेख में हो रही निर्माण कार्य में बड़ी अनिमिताएं हैं। कई स्थानों पर आधे अधूरे निर्माण की वजह से आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। सड़क किनारे जमी धूल की मोटी परत भारी वाहनों के पहियों तले बवंडर का रूप ले रही हैं। ऐसे में एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन अपने क्षेत्र के लोगों के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए सड़क की धूल को हटाने का प्रयास करती नजर आ रही हैं। दो जेसीबी और एक दमकल वाहन के साथ लगभग दर्जन भर विभागीय अधिकारी कर्मचारी कुसमुंडा मुख्य महाप्रबंधक राजीव सिंह के दिशा निर्देश पर सुबह से सड़क में जमी धूल को हटाने प्रयासरत दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा सड़क पर गढ्डो को भी पाटने का कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा है। वहीं फोर लेन निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान होने वाली आमजनों को कोई सरोकार नहीं है, इनके द्वारा ना ही सड़क के गड्ढों को भरा जा रहा है, ना ही धूल डस्ट हटाने का प्रयास किया जा रहा है और ना ही सड़क पर पानी छिड़काव की जहमत उठाई जा रही है।

# चोरी गया मोबाइल जिसे भूल चुके थे लोग, जब फिर से हाथ में आया तो खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 201 मोबाइल धारकों के चेहरे पर उस समय खुशी लौट आयी जब कई महीनों पहले उनकी चोरी या गुम हुई मोबाइल उनके हाथों में थी। अपने मोबाइल को देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एसपी ऑफिस में पुलिस अधीक्षक ने सभी मोबाइल धारकों को उनके गुम हुए मोबाइल को आज सौंपा।

अलग खबर

जिले में अक्सर हाट बाजार में लोगों की मोबाइल चोरी हो जाती है या कहीं गुम हो जाने पर बड़ी उम्मीदों के साथ लोग साइबर सेल में इसकी शिकायत करते हैं ताकि उनका खोया हुआ मोबाइल उन्हें पुनः मिल सके। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर साइबर सेल की टीम चोरी व गुम हुए मोबाइल को खोजने में लगी हुई थी। जिसका प्रतिसाद रहा कि

## 201 गुम मोबाइल को पुलिस ने लौटाया

**खास बातें**

- देश के विभिन्न राज्यों से लाया गया मोबाइल
- अब तक 12 सौ से अधिक मोबाइल जिला पुलिस कर चुकी है बरामद



### मोबाइल ऐप में सीधे करें शिकायत

जिले के साइबर सेल तथा थाना, चौकियों में लगातार गुम और चोरी मोबाइलों के संबंध में आवेदन प्राप्त हो रहा है, इसलिए यह बताना आवश्यक है कि भारत सरकार, संचार मंत्रालय द्वारा गुमध्चोरी मोबाइल के संबंध में सीईआईआर पोर्टल की सुविधा उपलब्ध करायी गई है जिस पर गुम/चोरी की सूचना ऑनलाइन दिया जा सकता है। यह पोर्टल भारत सरकार द्वारा प्रमाणित है, जिसे वेबसाइट के माध्यम से उपयोग किया जाता है। पोर्टल पर गुम या चोरी मोबाइल की सूचना देकर मोबाइल को ब्लाक और फिर अनब्लाक किया जा सकता है, जिससे मोबाइल के डाटा सुरक्षित रहता है। साथ ही जब कभी गुम या चोरी मोबाइल पर नया सिम इंसर्ट होता है तो सूचनाकर्ता के दूसरे मोबाइल नंबर पर सूचना चली जाती है। दूसरी ओर इस ऐप में दर्ज गुम या चोरी मोबाइल की शिकायतों पर पुलिस कार्यवाही करती है। बता दें कि साइबर सेल द्वारा गुम या चोरी के आवेदन अब नहीं लिये जा रहे हैं अपितु थाना व चौकी तथा जनता द्वारा स्वयं इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरकर तथा दस्तावेज अपलोड कर अपने गुम या चोरी हुए मोबाईल के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज भी कर सकते है।

साइबर सेल की टीम पिछले दो महीने की कड़ी मेहनत से छत्तीसगढ़ ⏭ शेष पेज 3 पर

## प्रशासन और बैंक प्रबंधन को किसान ने की लिखित में शिकायत

# सहकारी बैंक की पोड़ी उपरोड़ा ब्रांच में किसान के खाते से निकाल लिए गए डेढ़ लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहकारी बैंक की पोड़ी उपरोड़ा शाखा से किसान के खाते से लगभग डेढ़ लाख रुपए आहरित किए जाने

**खास बात**

- अंतर की राशि के साथ बोनस की राशि भी जमा थी खाते में

का मामला सामने आया है। किसान के द्वारा बैंक से जब खाते का स्टेटमेंट मांगा गया तब यह जानकारी सामने आयी कि उसके खाते से राशि आहरित कर ली गई है। किसान ने इसकी शिकायत बैंक प्रबंधन के साथ साथ जिला प्रशासन से भी की है।

इस पूरे मामले के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम जामकछार निवासी अयोध्या प्रसाद अपने खाते में 91 क्विंटल धान बिक्री की राशि अलग अलग किश्तों में 1 लाख 99 हजार रुपए शासन द्वारा भेजे गए थे। जिसकी जानकारी के लिए अयोध्या प्रसाद बैंक पहुंचकर हमेशा अपने खाते में रकम आने की जानकारी लेता था तो उसे यही बताया जाता था कि रकम किश्त किश्त में भेजी जाती है और अभी उसके खाते में पूरा पैसा नहीं आया है। लगातार बैंक का चक्कर काटने के बाद जब अयोध्या प्रसाद ने बैंक प्रबंधन से अपने खाते का स्टेटमेंट मांगा तो जानकारी दी गई कि उसके खाते से 16 दिसंबर 2023 को राशि निकाली गई है। अयोध्या प्रसाद के मुताबिक उस तिथि को वह बैंक गया ही नहीं था। राशि के आहरण किए जाने का मामला सामने आने के बाद उसने बैंक प्रबंधन से इस संबंध में चर्चा की। बैंक प्रबंधन द्वारा इस मामले की शिकायत अयोध्या प्रसाद ने जिला प्रशासन से भी की है।




वह बैंक जहां से निकाली गई राशि।

### अंगूठा लगाकर निकाली गई राशि

पोड़ी उपरोड़ा ब्रांच मैनेजर के मुताबिक उन्होंने भुगतान किसान को ही किया है और भुगतान के दौरान किसान ने अपना अंगूठा लगाया है। जबकि किसान का कहना है कि उसने कोई राशि नहीं निकाली है। सीसीटीपी फुटेज से इसकी जांच कर ली जाए। बैंक के नोडल अधिकारी ने पोड़ी उपरोड़ा ब्रांच से इस मामले की पूरी जानकारी तलब की है।

### दी गई है जानकारी

यह मामला उनके संज्ञान में आया है। किसान से बातचीत की गई है। इस पूरे मामले से बैंक के उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जैसे ही उनके निर्देश मिलेंगे इस पूरे प्रकरण की जांच शुरू की जाएगी।

**-एसके जोशी,** नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

### कब कब जमा हुई राशि

16 दिसंबर को 60 हजार 144 रुपए जमा हुए और 22 दिसंबर को 40 हजार रुपए निकाल लिए गए। उसके बाद 26 एवं 27 दिसंबर को 35 हजार 880 रुपए एवं 20 हजार 4 सौ रुपए जमा हुए। 28 दिसंबर को 49 हजार रुपए की राशि निकाले जाने की जानकारी सामने आयी है। फिर 2 जनवरी को 1 लाख 11 हजार 769 रुपए फिर जमा हुए। 10 जनवरी को 49 हजार रुपए निकाले गए। इस तरह कुल 3 बार किसान के खाते से राशि निकाली गई है।

# आबकारी विभाग ने 113 प्रकरणों में जप्त की 664 लीटर शराब



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रभावशील आदर्श आचार संहिता को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत द्वारा जिले में अवैध रूप से शराब विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा आचार संहिता एवं होली पर्व की अवधि के दौरान 113 अपराधिक प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त प्रकरणों में 664 लीटर शराब एवं 5715 किलो शराब बनाने का लाहन जप्त किया गया है। सामग्री का कुल बाजार मूल्य तीन लाख रूपए अनुमानित है।

आबकारी विभाग द्वारा कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर, कोरबा क्षेत्र के लालघाट, उरगा अंतर्गत कलमीभाठा, हरदीबाजार अंतर्गत छिंदपुर व बिरदा में कार्यवाही की गई है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। इस दौरान अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। नियंत्रण कक्ष में मोबाइल नंबर 92445-17388 व टोल फ्री नंबर 14405 पर शराब बनाने, बेचने या तस्करी की सूचना दिया जा सकता है। गठित टीम द्वारा त्वरित छापा मारकर अवैध शराब व गांजा जप्त किया गया जा रहा है।

# सहायक संचालक पद पर पदस्थ डहरिया के मामले की जांच करेगी जेडी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक सहायक संचालक के पद पर प्रतिनियुक्ति से पदस्थ केआर डहरिया के खिलाफ हुई

**खास बात**

- जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ हैं सहायक संचालक केआर डहरिया

शिकायतों संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट डायरेक्टर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है, जो उनके विरूद्ध हुई शिकायतों पर जांच करेगी।

श्री डहरिया के खिलाफ अपने मनमानी तरीके से आदेश जारी करने जैसे मामलों की शिकायत संयुक्त संचालक को लोक जनशक्ति पार्टी के द्वारा की गई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए संयुक्त संचालक बिलासपुर ने केआर डहरिया के खिलाफ जांच बैठा दी है। बिलासपुर के संयुक्त संचालक ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर 10 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की है। जिन अधिकारियों की टीम बनायी गयी है, उनमें बिलासपुर संयुक्त संचालक कार्यालय के सहायक सहायक मुकेश मिश्रा, पाली के बीईओ श्यामानंद साहू और मोंगरा के प्राचार्य एस डिंडौरे शामिल हैं। संयुक्त संचालक ने निर्देश दिया है कि जांच दल प्रकरण की जांच बिंदूवार कर जांच प्रतिवेदन 10 दिन के भीतर मांगी गयी है।

### त्यागपत्र दे चुके शिक्षक की करा दी थी ज्वाइनिंग

सहायक संचालक डहरिया पर पिछले दिनों गंभीर आरोप लगा था। उन्होंने दो-दो त्यागपत्र दे चुके शिक्षकों की पुनः नियुक्ति का आदेश जारी किया था। ये आदेश उन्होंने तब जारी कर दिया था, जबकि डिप्टी कलेक्टर प्रदीप साहू उस वक्त डीईओ के प्रभार में थे। जब इस मामले में केआर डहरिया से पूछा गया, तो उन्होंने कहा, उन्होंने जल्दबाजी में हस्ताक्षर कर दिया था।

### जांच टीम की गई गठित

केआर डहरिया सहायक संचालक के खिलाफ संयुक्त संचालक के द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है, जो शिकायतों को लेकर जांच करेगी।

**-टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षाधिकारी, कोरबा

# हत्या के दो मामलों को पुलिस ने सुलझाया, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस ने हत्या के दो अलग अलग मामले का आज खुलासा किया है। जहां एक 65 वर्षीय वृद्ध की हत्या के मामले में

**खास बात**

- दीपका व हरदीबाजार थाना क्षेत्र का मामला

उसके नाबालिग नाति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तो वहीं दूसरी ओर शराब के नशे में धुत्त एक पुत्र ने अपने पिता की हत्या की थी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

पहली घटना दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम लोटनापारा केराकछार की है। यहां 21 अगस्त 2023 को समारू बुधवार सिंह धनवार उम्र 65 वर्ष पिता होल साय धनुवार की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। मामले में दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी अपनी टीम के साथ मामले की बारीकी से पड़ताल में जुटे हुए थे। जांच के दौरान पुलिस टीम को यह पता चला कि मृतक समारू बुधवार सिंह के द्वारा घर में दारू पीकर अपने बहु एवं नाती के साथ मारपीट व गाली गलौच हमेशा किया जाता था। 21 अगस्त को भी समारू बुधवार सिंह के द्वारा दारू पीकर घर में गाली गलौच एव बहु व बच्चों के साथ मारपीट किया जा रहा था। इसी दौरान विधि से संघर्षरत बालक निवासी लोटनापारा ग्राम केराकछार ने अपने दादा समारू बुधवार सिंह धनवार को मारपीट कर पैर से गले को दबाकर घटना को अंजाम दिया। पूछताछ मे अपचारी बालक द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। अपचारी बालक को विधिवत निरूद्ध कर न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। दूसरी घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम गुमिया की है। यहां 26 मार्च की सुबह लगभग 4 बजे नर्मदा कुमार बियार ने पुलिस को फोन कर सूचना दी कि उसके पिता गिरधारी लाल बियार का शव घर के कमरे में पड़ा है। पुलिस की टीम व सीन ऑफ क्राईम प्रभारी सत्यजीत कोसरिया से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। जांच के दौरान पता चला कि 25 मार्च को होली त्यौहार के दिन मृतक गिरधारी लाल बियार तथा आरोपी (मृतक का पुत्र) नर्मदा कुमार बियार दोनों शराब के नशे में गांव में होली त्यौहार मनाये। इस दौरान आरोपी की पत्नि अनिता बियार तथा मृतक के मध्य खाना देने की बात पर कहासुनी हुई। जिस पर अनिता बियार तथा मृतक एक दूसरे के साथ मारपीट किये थे। इसके बाद आरोपी नर्मदा कुमार बियार द्वारा अपने पिता के साथ विवाद किया कि उसके पत्नि अनिता के साथ मृतक जबरन मारपीट किया जिससे उसकी पत्नी अनिता बियार अपने दोनों बच्चों को लेकर घर से चली गई। आरोपी नर्मदा कुमार बियार अपने पिता मृतक गिरधारी लाल बियार अपने पिता को गला घोंटकर हत्या कर दिया तथा शव को बायें तरफ करवट कर कमरे का दरवाजा को बंद कर अपने कमरे में जाकर सो गया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के पुत्र नर्मदा कुमार बियार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी

## प्रोजेक्ट रिपोर्ट राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत, स्वीकृति के बाद होगी आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

# मड़वा प्रोजेक्ट के विस्तार की तैयारी, 600 मेगावाट की लगेगी नई इकाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत उत्पादन कंपनी ने मड़वा विद्युत संयंत्र परिसर में 660 मेगावाट की एक नई इकाई स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संयंत्र का प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर बीओडी से स्वीकृत करा लिया गया है। अब ऊर्जा विभाग राज्य सरकार के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई करेगी। इस इकाई के स्थापना से मड़वा संयंत्र की क्षमता बढ़ कर 1660 मेगावाट हो जाएगी।

राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ते जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में विद्युत की मांग अधिकतम 6000 मेगावाट पहुंच चुकी है जबकि कंपनी का वर्तमान में उत्पादन क्षमता लगभग 2,980 मेगावाट है। हालांकि अनुबंध के आधार पर सेंट्रल सेक्टर से बिजली मिल रही है, पर भविष्य में बिजली की मांग बढ़ने पर राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की चिंता बढ़ गई है। यही वजह है कि कंपनी ने नए संयंत्र स्थापना पर जोर देना शुरू कर दिया है। एचटीपीपी के बाद अब जांजगीर-चांपा जिला में स्थित मड़वा संयंत्र के विस्तार पर भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्तमान में यहां 500-500 मेगावाट की दो इकाइयों से बिजली उत्पादन हो रहा है। संयंत्र परिसर में ही 660 मेगावाट की एक नई इकाई स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजा गया था, जहां प्रस्ताव को बीओडी से मंजूरी भी मिल चुकी है। जानकारों की मानें तो परिसर में पर्याप्त जगह है और यहां दो इकाई स्थापित हो सकती है, पर वर्तमान में एक इकाई स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि ⏭ शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

### एनटीपीसी को किया गया है सलाहकार नियुक्त

मड़वा संयंत्र की विस्तार इकाई के लिए एनटीपीसी को सलाहकार नियुक्त किया गया है। कंपनी के अधिकृत अधिकारियों द्वारा मड़वा संयंत्र का दौरा कर विस्तार इकाई स्थापना के संबंध में पूरी जानकारी ले रहे हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि विस्तार इकाई का काम किसके द्वारा किया जाएगा, पर संभावना जताई जा रही है कि एनटीपीसी की देखरेख में एचटीपीपी विस्तार परियोजना की तरह मड़वा में भी काम किया जाएगा।

### पानी व कोयला की सहज उपलब्धता

मड़वा संयंत्र में पर्याप्त जगह होने के साथ ही पानी, कोयला व कर्मियों के रहने के लिए आवास की दिक्कत नहीं होगी। संयंत्र में कंपनी के रायगढ़ स्थित खदान से कोयला आपूर्ति की जा रही है। 660 मेगावाट की इकाई में प्रतिदिन 10 हजार टन कोयले की खपत होगी। इस लिहाज से कंपनी को प्रतिदिन अतिरिक्त कोयला आपूर्ति बढ़ानी होगी। साथ ही संयंत्र परिसर में रखने की व्यवस्था करनी होगी। वहीं पानी भी हसदेव नदी से पर्याप्त मिल रहा है।

### कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा

**कोरबा।** गेवरा-कुसमुंडा मार्ग पर कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक को मामूली चोट आई है, हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे गेवरा की ओर से कोयला लोड कर टीपर मार्ग से कुसमुंडा की ओर आ रही ट्रेलर सीजी 13 एलए 4075 टीपर मार्ग पर पुराने लक्ष्मण खदान के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा उतरी और पलट गई। इस घटना में चालक को मामूली चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार ट्रेलर तेज रफ्तार में थी और सड़क से नीचे उतर गई और थोड़ी खाई नुमा गड्ढे में जा गिरी और पलट गई। चालक जैसे तैसे केबिन से बाहर निकला और वहां से भाग निकला। इस हादसे में कोई और हताहत नहीं हुआ है।



# खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं शाहिद

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर की लास्ट रिलीज 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' इस साल की हिट हिंदी फिल्मों में से एक है। फिल्म की सक्सेस एन्जॉय कर रहे शाहिद इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'देवा' पर काम कर रहे हैं जो एक एक्शन एंटरटेनर है। करियर की शुरुआत से ही फैन्स के फेवरेट एक्टर्स में एक बन चुके शाहिद ने अब कहा है कि वो खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं। शाहिद ने इंडस्ट्री में पहले से काम कर रहे एक्टर का बेटा होने के फायदे-नुक्सान पर दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले उनके पिता पहले से एक्टर थे लेकिन उन्हें इस बात का कोई फायदा नहीं मिला।

लाइफ Style



# अदिति राव हैदरी

## गुपचुप रचाई सिद्धार्थ से दूसरी शादी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ और बॉलीवुड में एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रही हैं। उनका नाम अक्सर साउथ एक्टर सिद्धार्थ के साथ जुड़ता रहा है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी कभी रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की और ना ही कोई रिएक्शन दिया।

अब खबर सामने आ रही है कि इस रूमर्ड कपल ने गुपचुप शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति और सिद्धार्थ ने अपने ट्रेडिशनल रीति-रिवाज के साथ शादी की है। बताया जा रहा है कि रूमर्ड कपल की शादी के लिए तमिलनाडु के पुजारियों को बुलाया गया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने जिस मंदिर में फेरे लिए हैं वो वानापर्थी में है। रिपोर्ट्स में इस जगह से एक्ट्रेस का खास कनेक्शन बताया जा रहा है। दरअसल, अदिति राव हैदरी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनके नाना वानापर्थी संस्थानम के आखिरी शासक थे। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। उनके दादा मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी असम के पूर्व राज्यपाल भी रह चुके हैं।

अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के गुपचुप शादी रचाने के पीछे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों अपनी निजी जिंदगी को पर्सनल रखना पसंद करते हैं और शायद इसी वजह से उन्होंने सीक्रेट वेडिंग चुनी। हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की अमाउंसमेंट नहीं की है और ना ही उनकी शादी की कोई तस्वीर सामने आई हैं। बहरहाल, अगर सिद्धार्थ और अदिति की लव स्टोरी की बात की जाए तो रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि साल 2021 में तमिल-तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के दौरान इनके बीच नजदीकियां आई थी।

हॉलीवुड मसाला



# 51 साल की उम्र में बनी मां

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। 'द मास्क' फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्रॉइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, 'एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...।'




# 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्‌र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है। हॉलीवुड के इस फ्रेंचाइजी 'बैड बॉयज' की चौथी सीरीज के साथ 'बैड बॉयज: राइड और डाई' से ये विल स्मिथ स्क्रीन पर लौटने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी फिल्म में दमदार जोड़ी है यानी एक बार फिर विल स्मिथ के साथ मार्टिन लॉरेंस भी नजर आ रहे हैं।



# राजनीति में करना चाहती हूं एंट्री

**मुंबई।** सारा अली खान इन दिनों लगातार अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी दो मोस्ट अवेटेड फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' रिलीज हो चुकी हैं। इसे दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। 'मर्डर मुबारक' उनकी पहली सस्पेंस थ्रिलर थी। इसके साथ ही 'ऐ वतन मेरे वतन' में उन्होंने उषा मेहता का रोल प्ले किया, जिसे लोगों से खूब प्यार मिला और उनकी एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इसी बीच अब उनकी राजनीति में एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर एक्ट्रेस का रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, कंगना रनौत के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद सारा अली खान का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। इसमें उन्होंने राजनीति में जाने की दिलचस्पी दिखाई थी।



# तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे राम चरण

**मुंबई।** पैन इंडिया स्टार राम चरण का 27 मार्च को 39वां बर्थडे था, और इस खास मौके पर वह तिरुपति मंदिर पहुंचे। राम चरण पत्नी उपासना और बेटी क्लिन कारा के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा की और भगवान का आशीर्वाद लिया। राम चरण को तिरुपति में देख फैंस और मीडिया ने चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वह थोड़ा परेशान भी नजर आए। राम चरण ने तिरुपति मंदिर जाते हुए शर्ट और वेस्टी पहनी हुई थी, जबकि पत्नी उपासना ने साड़ी पहनी थी। उन्होंने बेटी क्लिन का चेहरा साड़ी के पल्लू से छुपा रखा था। तिरुपति बालाजी मंदिर से निकलते वक्त मीडिया ने राम चरण और उपासना को घेर लिया। यह देख राम चरण परेशान हो गए और उनसे रिकॉर्ड न करने की अपील की। सोशल मीडिया पर राम चरण और उपासना की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

# मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी की जूलरी भी दे डाली

**मुंबई।** 30 मार्च से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' शुरू होने जा रहा है। शो में बतौर गेस्ट रणबीर कपूर, नीतू कपर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कपूर फैमिली मजेदार बातें करते हुए नजर आने वाली है और रणबीर गर्लफ्रेंड्स से जुड़े खुलासे करने वाले हैं। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## नसीरुद्दीन शाह को साथ में मिली सच्ची मोहब्बत

# थिएटर से शुरुआत करने के बाद संवर गई एक्टर्स की जिंदगी

**मुंबई।** 27 मार्च का दिन वर्ल्ड थिएटर डे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन थिएटर और स्टेज के सभी रूपों और अभिनेताओं को सम्मानित करने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। बॉलीवुड में हमारे कई ऐसे एक्टर्स हैं जो आज सुपरस्टार बन चुके हैं और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। जिनमें शाहरुख खान, मनोज बाजपेयी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नसीरुद्दीन शाह समेत कई नाम शामिल हैं।

### अनुपम खेर

अनुपम खेर ने 1978 में, खेर ने नई दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से ग्रेजुएशन की थी। वह अब अपने फिल्मी करियर के साथ-साथ खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं।



### नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक

नसीरुद्दीन शाह और रतना पाठक दोनों ही बेहतरीन एक्टर्स हैं। दोनों पति पत्नी भी हैं। इन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। दोनों ने एक साथ नाटक का हिस्सा थे। जहां वह एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। नसीर और रतना दोनों ही एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और थिएटर से इन्हें नाम और काम के साथ-साथ प्यार भी मिला।

### शबाना आजमी

शबाना आजमी ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। वह अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कर चुकी हैं और उन्हें 5 बार बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। इसके साथ ही उन्हें कुछ फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### परेश रावल

परेश रावल आज अभिनेता के साथ-साथ राजनीति में भी एक्टिव हैं। उनके रोल और कॉमिक टाइमिंग के साथ बॉलीवुड में उन्हें आज भी कोई टक्कर नहीं दे सकता। परेश रावल ने भी अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी।

### राजकुमार राव

'शादी में जरूर आना' के सतू से 'स्त्री' के बिक्की तक के किरदार में जान फूंक देने वाले राजकुमार राव फिल्मों में आने से पहले थिएटर करते थे।

### मनोज बाजपेयी

फैमिली मैन मनोज बाजपेयी भी थिएटर कर चुके हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग की शुरुआत थिएटर से की थी। हालांकि बाद में वह टीवी, बड़े पर्दे और अब ओटीटी पर भी अपने अभिनय का कमाल दिखा रहे हैं।



### सतीश कौशिक

सतीश कौशिक भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन आज भी उनका काम सराहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। सतीश नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के स्टूडेंट थे और इस जगह से उन्हें केवल नाम नहीं, बल्कि कई बेहतरीन दोस्त भी मिले थे।

### इरफान खान

इरफान खान का नाम हिंदी सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार है। उन्होंने रविन्द्र मंच से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही वह अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन अपने अभिनय से उन्होंने लोगों के मन में जो छाप छोड़ी है वो अमिट है।






### राधिका आप्टे

राधिका आप्टे को उनकी हटके एक्टिंग के लिए जाना जाता है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वह थिएटर कर चुकी हैं। ये ही कारण है कि वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं।

## शब्द पहेली - 5465



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5464 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5476

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5475 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

28 korba-BHOOMI-pg3_Layout 1 3/28/2024 11:05 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बिसाहूदास महंत की जन्म शताब्दी पर 1 अप्रैल को विविध आयोजन



**कोरबा।** बांगो बांध के स्वप्नदृष्टा, फ्रीडम फाईटर व शिक्षक स्व. बिसाहूदास महंत की 100वीं जयंती जन्म शताब्दी के अवसर पर छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान व बिसाहूदास महंत स्मृति सेवा संस्थान के द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन 1 अप्रैल को किया जाएगा। दोपहर 1:30 बजे घंटाघर मार्ग स्थित बिसाहूदास महंत स्मृति उद्यान में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित करने का कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे से राजीव गांधी ऑडिटोरियम इंदिरा स्टेडियम परिसर में जन्म शताब्दी कार्यक्रम में गणमान्यजन शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में स्व. बिसाहूदास महंत के सुपुत्र छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के अलावा पूर्व मंत्री, विधायक, प्रबुद्धजन, साहित्यकारों से लेकर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले विशेष तौर पर आतिथ्य प्रदान करेंगे। बिसाहूदास महंत स्मृति सेवा संस्थान ने नगर के गणमान्य व प्रबुद्धजनों से शताब्दी समारोह की आयोजित कार्यक्रमों में गरिमामय उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया है। बता दें कि स्व.बिसाहूदास महंत ने जनसेवा के लिये राजनीति में पदार्पण किया। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य गठन से लेकर अविभाजित मध्यप्रदेश में बांगो बांध के निर्माण की रूपरेखा भी उन्होंने रखी। आज यह बांगो बांध न सिर्फ कोरबा जिला बल्कि जांजगीर-चांपा व अन्य जिलों के विकास में, किसानों की प्रगति में सहायक है।

### रेलवे की लापरवाही से सड़क पर बना गड्ढा



**कोरबा।** रेलवे स्टेशन मार्ग पर शनि मंदिर के पास सड़क किनारे एक बड़ी गड्ढा हो गया जो किसी बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है। स्थानी लोगों ने बताया कि रेलवे स्टेशन मार्ग पर रेलवे की लापरवाही के कारण पिछले कई महीनों से रेलवे की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया है। पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बह रही है। पाइप लाइन से निकलने वाली पानी सड़क किनारे की मिट्टी को काट रही है लिहाजा शनि मंदिर के पास सड़क पर एक बड़ा गड्ढा हो गया है, जिसमें आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना का शिकार हो रहा है, किसी दिन बड़ी घटना घटने की संभावना बनी हुई है क्योंकि नाले के पुल पर लगे बेरिकेट भी जर्जर हो गया। रेल प्रशासन को ध्यान देकर जल्द से जल्द मरम्मत करना चाहिए, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे।

### समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल ने मेडिकल कालेज अस्पताल को भेंट किया सीलिंग फैन

**कोरबा।** जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स कोरबा के संरक्षक और विख्यात समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 5 सीलिंग फैन भेंट किया। जिसका उपयोग अस्पताल में मरीजों की भर्ती के लिए बढ़ाए जा रहे वार्ड में किया जाएगा। मेडिकल कालेज के डीन डॉ.अविनाश मेश्राम, एमएस डॉ.गोपाल कंवर और डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. रविकांत जाटवर ने संयुक्त रूप से यह भेंट स्वीकार किया। डॉ.रविकांत जाटवर ने कहा कि मेडिकल कालेज अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होने के कारण जरूरतमंद मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रतिदिन लगभग 800 लोग उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में भर्ती किए जाने वाले मरीजों की संख्या में भी भारी वृद्धि हो रही है, जिसे देखते हुए वार्डों में इजाफा किया जा रहा है। इस दृष्टि से अस्पताल में बढ़ाई जा रही सुविधाओं में शासन के स्तर पर दी जा रही सहायता के अतिरिक्त, अगर नगर के समाजसेवी आगे बढ़कर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराते हैं, तो अस्पताल का विस्तार करने में सुविधा होगी। उन्होंने क्षेत्र के समाजसेवियों को अस्पताल का अवलोकन करने, सुविधाओं में विस्तार के लिए आवश्यक सुझाव देने और अस्पताल को श्रेष्ठ चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करने में आगे आकर योगदान देने की अपील की है।

### कट्टा लहराकर उत्पात मचा रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** देशी कट्टा लहराते हुए शहर में उत्पात मचा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक नग देशी कट्टा व 3 नग ज़िंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च की रात एएसआई विनय सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों की ड्यूटी दोपहर 2 से रात 10 बजे तक कालीघाट में लगे चेकिंग प्वाइंट पर लगाई गई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि गांधी चौक ऑटो स्टैंड के पास संजीत पाल नामक व्यक्ति कट्टा लहराकर लोगों को डरा रहा है और अपनी स्कूटी से मनेन्द्रगढ़ रोड की ओर कट्टा लहराते हुए जा रहा है।

## राजस्व विभाग व एसईसीएल के अधिकारी एक दूसरे को बता रहे जिम्मेदार

# जमीन अधिग्रहण के 10 साल बाद भी मुआवजे के लिए भटक रहे भूविस्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के लिए अर्जित पाली अनुविभाग तहसील हरदीबाजार अंतर्गत जोकाहीडबरी अमगांव के प्रभावितों के मकानों व परिसम्पतियों का मुआवजा भुगतान नही किये जाने से पिछले तीन माह से आंदोलन किया जा रहा है। पाली एसडीएम द्वारा निजी भूमि को शासकीय भूमि दर्शाकर एसईसीएल को अपने पालिसी के अनुसार मुआवजा भुगतान करने सबंधी आदेश जारी होने पर पुनः कलेक्टर से शिकायत करते हुए मुआवजा भुगतान करने की मांग की गई है।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया है कि विगत 16 जनवरी से धरना प्रदर्शन के माध्यम से एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के लिए अर्जित ग्राम पंचायत अमगांव के जोकाहीडबरी के प्रभावितों के परिसम्पतियों का मुआवजा का तत्काल भुगतान करने सहित 5 बिंदुओ में मांग की जा रही है, इससे पूर्व भी हमारी संगठन की ओर से एसईसीएल प्रबन्धन व प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया जाता रहा है और आंदोलन को विस्तार देने का पत्र जारी होने के बाद हरदीबाजार तहसील से एक आदेश जारी किया गया था। जिसमे शासकीय भूमि पर मकान निर्मित होने का उल्लेख कर



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

दिया गया है, जबकि वहां पर शासकीय भूमि है ही नहीं। जिसके कारण एसईसीएल ने मुआवजा भुगतान करने से मना कर दिया है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल गेवरा क्षेत्र अंतर्गत कोयला उत्खनन कार्य हेतु आदेशानुसार सीबीए (ए एंड डी) 1957 एसओ नंबर 2977 दिनांक 16 नवंबर 2004, 29 सितंबर 2009 ग्राम पंचायत अमगांव, तहसील हरदीबाजार, पाली अनुविभाग जिला कोरबा का फेस 3 का अर्जन उपरान्त विधिवत वर्ष 2015-16 में सन्दर्भित भूमि पर निर्मित मकान, पेड़ पौधों सहित अन्य परिसम्पतियों का भौतिक मूल्यांकन नापी किया जाकर 142 परिवारों का मुआवजा पत्रक तैयार किया गया था। जिसमें मुआवजा के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित समिति के समस्त सदस्यों (एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के सबंधित अधिकारी, लोक निर्माण विभाग वनपरिक्षेत्र अधिकारी, सहायक संचालक उद्यान विभाग तहसीलदार दीपका उपतहसील) द्वारा अनुमोदित किया गया था और संबधितों को पावती प्रदान किया गया है। राजस्व आदेश में 31 लोंगो की स्वयं के निजी हक़ की भूमि पर स्थित मकान पेड़ पौधे, अन्य परिसम्पति होने पर मुआवजा पत्रक में पात्र कहा गया तथा 111 व्यक्तियों की स्वयं की निजी हक की भूमि नही था, अन्य की भूमि पर निर्मित होने के कारण उन्हें अपात्र बताया गया अभी तक 51 लोगों को पात्र मानते हुये मुआवजा का भुगतान किया जा चुका अथवा कुछ प्रकियाधीन है, जबकि पूर्व में तैयार मुआवजा पत्रक के आधार पर एसईसीएल मुख्यालय से मुआवजा राशि स्वीकृत होकर गेवरा क्षेत्रीय कार्यालय को जारी भी किया जा चुका है और एसईसीएल गेवरा क्षेत्र राजस्व आदेश जारी नहीं होने का बहाना कर मुआवजा भुगतान नहीं कर रही है। सबंधित परिवारों के मुआवजा भुगतान कराने हेतु हरदीबाजार तहसील में प्रकरण के आधार पर हितग्राहियों के द्वारा उनके मकान स्थित होने सबंधी दस्तावेज, बयान, सहमती पत्र इत्यादि जमा कराया जा चुका है किन्तु उक्त मकान को शासकीय भूमि में होना बताकर एसईसीएल को अपने पालिसी के आधार पर भुगतान करने का आदेश जारी किया गया है जो कि गलत है क्योंकि मूल्याकन कमेटी द्वारा पूर्व में ही निजी भूमि (किसी अन्य की स्वामित्व) पर मकान स्थित होना प्रमाणित किया है, भू-अर्जन के लिए किसी भी नीति में जैसे सीबीए, आदर्श पुनर्वास नीति, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनार्व्यव्स्थापन उचित प्रतिकर पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (आर एफ सीटी एल एआरआर) आदि में किसी अन्य के भूमि पर बने मकान अथवा अवस्थित परिसम्पतियों के मुआवजा से वंचित करने का नियम नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा गठित समिति द्वारा विधिवत मौक्रा जांच कर व प्रक्रिया पूर्ण कर हितग्राहियों को नापी उपरान्त पावती भी जारी किया गया था जिससे स्पष्ट है कि मौके पर मकान आदि स्थित था और खदान विस्तार को सहयोग करते हुए, उनके द्वारा मकान व परिसम्पतियों को तोड़ कर अन्यत्र चले गए हैं। जिसके कारण वर्तमान समय में मौके पर मकान नहीं होने के कारण मुआवजा भुगतान का आदेश नही किया जा रहा है।

# प्री प्राइमरी के बच्चों को प्रमाण पत्र का किया गया वितरण




बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- एमजीएम स्कूल बालको में मनाया गया दीक्षांत समारोह

एमजीएम स्कूल बालको में विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष फॉदर जेफिन वर्गीस व प्राचार्य फॉदर पाल पी थॉमस के गरिमामय उपस्थिति में प्री प्राइमरी के बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया सर्वप्रथम सभी बच्चों का स्वागत कर उन्हें मंच पर आसीन किया गया। इस अवसर पर अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई व यूकेजी के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। नर्सरी में प्रथम स्थान लक्षिका वांटू व कुंजल साहू, द्वितीय स्थान राजवीर भारद्वाज तथा तृतीय स्थान अंकित जोशी ने प्राप्त किया।के जी वन में प्रथम स्थान धान्या चन्द्रा द्वितीय स्थान हंसित व तृतीय स्थान सृष्टि केसरवानी ने प्राप्त किया। के जी टू में प्रथम स्थान रुचि ठाकुर, द्वितीय स्थान हितेश्वी राज व तृतीय स्थान मोहम्मद फैजान अली ने प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को बचपन से ही सम्मान प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए प्रेरित करने की सीख मिली। इस अवसर परअत्यधिक संख्या में पलक गण उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगा दिए और विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कार्यरत कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बालको मंडल के तीन वार्डों में सैकड़ों श्रमिक भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा में प्रचंड मतों के साथ भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज दीदी को जिताना है। कोरबा में कमल खिलेगा, तभी केंद्र की योजनाओ का क्रियान्वयन

**खास बात**
- श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नुक्कड़ सभाओं में किया प्रचार

बेहतर तरीके से हो सकेगा। बीते 5 साल से कोरबा की जनता पीएम आवास के लिए परेशान रही, लेकिन कांग्रेस की सांसद ने कभी भी इसके लिए आवाज नहीं उठाया। गरीबों की इस सबसे बड़ी योजना को सांसद ज्योत्सना महंत ने कभी महत्व नहीं दिया।

उक्त बातें निगम के वार्ड क्रमांक 37 डुग्गूपारा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए वाणिज्य श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। श्री देवांगन ने कहा कि पीएम मोदी की महत्त्वाकांक्षी योजना का ही परिणाम है की आज कोरबा शहर के 50 हजार घरों में निशुल्क नल कनेक्शन दिया जा चुका है, इस योजना में नगर निगम का एक रुपया भी नहीं लगा है, 250 करोड़ का फंड मोदी सरकार ने दिया है। मंत्री श्री



कार्यक्रम को संबोधित करते श्रम मंत्री लखन देवांगन।

देवांगन ने वार्ड क्रमांक 34 चेकपोस्ट में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा की आज तक कोरबा वासियों ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी की बात तो सुनी थी, पहली बार यह भी देखने और सुनने को मिल गया की कोई फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर महापौर की कुर्सी मे भी बैठ सकता है। ये सब कांग्रेस के राज में ही हो सकता है। कोरबा शहर का विकास इसलिए रुका रहा क्योंकि पांच साल से सिर्फ़ लूट खसोट ही चल रही थी। वॉर्ड क्रमांक 36 भदरापारा में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस के पास विकास की सोच नहीं है। कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार का विकास किया है। यही वजह है की पूरे देश में कांग्रेस से लोग भाजपा में शामिल हो रहे है। उनको पता है की देश का कोई विकास कर सकता है तो सिर्फ़ भाजपा की मोदी सरकार ही कर सकती है। इस दौरान भाजपा के समर्थन में श्रम उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन के समक्ष भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी, भारतीय एल्युमिनियम श्रमिक संघ, छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन कामगार संघ से जुड़े सैकड़ों श्रमिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने भाजपा प्रवेश करने वाले श्रमिकों को गमछा पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, बालको मंडल अध्यक्ष शिव बालक तोमर, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद लुक्की चौहान,पार्षद नर्मदा लहरे, नरेंद्र पाटनवार,शैलेन्द्र सिंह,अर्चना रुनिझा,राधे यादव, वैभव शर्मा, सत्येंद्र दुबे, अनिरूद्ध चंद्रा समेत भाजपा मंडल-बालको के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अधिक संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा पूरा करेंगेः ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने कटघोरा व पाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। उन्होंने इस

**खास बात**
- कटघोरा पाली ब्लाक के जनसंपर्क पर पहुचीं सांसद

दौरान उपस्थित ग्रामवासियों एवं महिलाओं को होली की अपनी शुभकामनाएं भी दी। ग्राम बम्हनीपारा, गोपालपुर, चैतमा, साजाबहरी, पोड़ी आदि गांवों में सांसद ने ग्रामवासियों से भेंट-मुलाकात किया।

ज्योत्सना महंत ने कहा कि होली का त्यौहार जीवन में रंग भरने एवं उल्लास भरने का पवित्र पर्व है और यह हमें एकता का संदेश देती है। यदि हम एकता के साथ चुनाव लड़ें, तो हमें कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि राहुल गांधी ने घोषणा की है कि यदि देश में कांग्रेस की सरकार आती है तो हर महिलाओं को नारी न्याय गारंटी योजना के तहत एक-एक लाख रूपए दिया जाएगा, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सांसद ने



जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत।

कहा कि भाजपा ने चुनाव से पूर्व गैस सिलेंडर में 500 रुपए की सब्सिडी देने की बात कही थी, जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। यह भाजपा का चुनावी जुमला था और विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा अपना वादा भूल गई। सांसद ने कहा कि कोरबा जिला व संसदीय क्षेत्र में मेरे द्वारा विकास कार्यों को लेकर हमेशा से अपनी बात सदन में रखी जाती रही है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाओं में बेहतर परिणाम सामने आये हैं। आज कोरबा जिले में मेडिकल कॉलेज खुल गया है जहां हमारे जिले के बच्चे डॉक्टर की पढ़ाई कर अपना भविष्य संवार रहे हैं। कांग्रेस ही हमेशा से सर्वांगीण विकास की बात करती आई है और देश को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम कांग्रेस के शासनकाल में हुआ है। किसानों की उन्नति में भी कांग्रेस की योजनाओं का बहुत बड़ा योगदान है। सांसद ने उपस्थित जनता से अपील कर कहा कि चहुंमुखी विकास के लिये कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का दायित्व प्रत्येक सजग नागरिक का है और मुझे पूरा विश्वास है कि एक बार फिर अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पाली जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुलेश्वरी सिदार, ब्लाक अध्यक्ष यशवंत लाल, मनोज चौहान, दादा ठाकुर, रवि कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित थीं। उपस्थितजनों ने ज्योत्सना महंत को भारी मतों से जिताने का संकल्प भी लिया।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के लिए आम जनता से भाजपा को वोट देने की अपील के लिए सुश्री सरोज पांडे की भाभी श्रीमती चारु लता पांडे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता मिश्रा, कोसाबाड़ी मंडल महामंत्री श्रीमती सुमन सोनी हाऊसिंग बोर्ड रामपुर पहुंचे। जहां भाजपा जिला सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ संजीव कुमार के आवास पर कॉलोनी की महिलाओं से मुलाकात की और सुश्री सरोज पांडे को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। इस अवसर पर श्रीमती सीमा शर्मा, श्रीमती अंजू स्वर्णकार, श्रीमती साधना तिवारी, श्रीमती ममता सोनी, श्रीमती रोशनी बिसोने, श्रीमती सिंपी शर्मा, श्रीमती नीतू क्षत्रिय, श्रीमती बबली सिंह, राम कुमार त्रिपाठी मीडिया प्रभारी, शिव चंदेल, ओके जोगा राव, अभिषेक कुमार युवा मोर्चा सहित कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।



जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय।

# शासकीय महाविद्यालय बरपाली में हो रहा नियमों का उल्लंघन

**बरपाली।** शासकीय महाविद्यालय बरपाली में मुख्य परीक्षा में विश्वविद्यालय के नियमों को ताक में रखकर पर्यवेक्षक बनाये जा रहे हैं। जिसमें स्नातक के छात्रों से परीक्षा ड्यूटी कराने का मामला देखने को मिल रहा है।

महाविद्यालय के द्वारा स्नातक व स्नातकोत्तर के मुख्य परीक्षा में स्नातक डिग्रीधारी विद्यार्थियों से ही परीक्षा ड्यूटी करवाया जा रहा है और ऐसा पिछले कई सालों से चल रहा है। जिसकी भनक अभी तक विश्वविद्यालय को नहीं लगी या ये कहा जाए कि सब कुछ पता होते हुए भी विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा संबंधी सर्कुलर के तहत सभी संबंधित महाविद्यालय अपने अपने परीक्षा केन्द्रों में




मुख्य परीक्षा का संचालन करवाते हैं और इसी सर्कुलर के हिसाब से परीक्षा में पर्यवेक्षक व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है लेकिन बरपाली का शासकीय महाविद्यालय अपने अलग ही नियमों से परीक्षा करवाने में लगा है। विश्वविद्यालय के सर्कुलर के अनुसार अगर महाविद्यालय में परीक्षा ड्यूटी के लिए पर्यवेक्षक की कमी है तो महाविद्यालय अन्य शासकीय व निजी विद्यालयों से पर्यवेक्षक की मांग कर परीक्षा सम्पन्न करा सकते हैं। बरपाली कॉलेज में मुख्य परीक्षा में कई ऐसे छात्रों की परीक्षा ड्यूटी लगाई गई जिनके पास स्नातक की तो डिग्री है, किंतु वे स्नातकोत्तर डिग्रीधारी नहीं हैं। विश्वविद्यालय से इस विषय पर पता करने पर बताया गया कि विश्विद्यालय के सर्कुलर के अनुसार कॉलेज के किसी भी परीक्षा में ड्यूटी करने के लिए कॉलेज के स्टाफ, अन्य शासकीय विद्यालय या निजी विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है और जरूरत पड़ने पर विशेष परिस्थिति में छात्र जो स्नातकोत्तर के डिग्रीधारी हैं उनकी ड्यूटी लगाने की अनुमति होती हैं लेकिन स्नातक के छात्रों को परीक्षा में ड्यूटी करने अनुमति नहीं है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चोरी गया मोबाइल....

के विभिन्न जिलों के अलावा सीमावर्ती मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार से कोरियर के माध्यम से मंगवाये गये हैं। चोरी या गुम हुए मोबाइल के उपयोग करने वालों को साइबर सेल द्वारा कानूनी कार्यवाही की समझाइस देकर रिकवर किए गए मोबाइलों के महंगे सेट भी है। जिसे बरामद कर 201 नग मोबाइल बरामद किया गया है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सभी 201 हितग्राहियों को तलब किया गया था। जहां पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, कटघोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा द्वारा सभी 201 हितग्राहियों को सुपुर्द किया गया। साइबर सेल कोरबा की गुम और चोरी हुए मोबाइलों को ट्रेस कर रिकव्हर करने की कार्यवाही नियमित जारी है। वर्ष 2021 से साइबर सेल की टीम ने अब तक लगभग 1200 से अधिक गुम और चोरी हुए मोबाइलों को खोजकर उनके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया गया है। इन रिकव्हर किये गये गुम मोबाइलों का वर्तमान बाजार मूल्य करीब 1 करोड़ रुपए से अधिक है। गुम या चोरी मोबाइल रिकव्हर के कार्य में सायबर सेल प्रभारी सउनि. अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक गुनाराम सिंहा, चंद्रशेखर पांडे, राजेश कंवर, आरक्षक प्रशांत सिंह, सुशील यादव, आलोक टोप्पो, विकेश्वर प्रताप सिंह, रवि चौबे, रितेश शर्मा, डेमन ओगरे, महिला आरक्षक रेनू टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही है।

### मड़वा प्रोजेक्ट...

एक यूनिट में कितनी लागत आएगी। इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद संयंत्र स्थापना में भी कम से चार वर्ष लगने की संभावना जताई जा रही है। इसलिए कंपनी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। मड़वा व एचटीपीपी विस्तार परियोजना के स्थापित होने से 1980 मेगावाट बिजली अतिरिक्त मिलने लगेगी।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## सूचना पत्र

क्रमांक/क्यू/रा.नि./कटघोरा/2023
कटघोरा, दिनांक 28/03/2024

प्रति,
1 संजय अग्रवाल (रामबिलास अग्रवाल कटघोरा)
2 पवन शर्मा
3 राजकुमार (आर. के. प्रिंटर्स)
4 अरविंद गुप्ता
5 वार्ड पार्षद
6 समीपी ग्रामीणजन

**विषय : सीमांकन/मौका स्थल के समय उपस्थित होने के संबंध में।**

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा के आदेश दिनांक 19/02/2024 के अनुसार आवेदक श्री संजय अग्रवाल आ. रामबिलास निवासी कटघोरा के ग्राम कटघोरा प.ह.नं. 10 के आवेदित भूमि ख.नं. 178/32 रकबा क्रमशः 0020 हे. का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 30/03/2024 को 11.30 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। चूंकि आप लोगों की कब्जा की भूमि उक्त भूमि से लगा हुआ है।

अतः आप अपने पास उपलब्ध भूमि संबंधी समस्त दस्तावेजों के साथ मौके पर उक्त नियत दिनांक को उपस्थित रहें।

**राजस्व निरीक्षक**
**कटघोरा**

## खबर संक्षेप



### कामधेनु गौशाला मुरली का किया गया निरीक्षण

**कोरबा।** जिले में 6 पंजीकृत सरकारी गौशालायें संचालित हैं। जिनमें समय समय पर निरीक्षण संबंधित विभागों द्वारा होते हैं। ताकि गौवंशों की सुरक्षा,संरक्षण,उपचार,चारा पानी व अन्य सभी व्यवस्था का उचित आंकलन हो सके। इसी तारतम्य में 26 मार्च को विकासखंड पाली के ग्राम मुरली में संचालित सरकारी गौशाला कामधेनु में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त गौशाला संचालक विनोद शुक्ला हैं, दूरभाष के माध्यम से उनसे जानकारी प्राप्त हुये, साथ ही गौशाला में कार्यरत सेवकों ने गौवंशों से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध करायें। निरीक्षण के दौरान गौवंशों की संख्या, चारा पानी, साफ सफाई सभी अनुकूल पाये गये। गोचर भूमि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के कारण व गौशाला की सफाई व्यवस्था सुचारु रुप से होने के कारण गौवंश स्वस्थ अवस्था में दिखाई दिये। निरिक्षण हेतु गौ सेवा गतिविधि की टीम से जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, सह संयोजक संध्या भारद्वाज, फौजी प्रेमचंद पाण्डेय, कटघोरा विधायक प्रतिनिधि श्याम लाल पटेल, ग्राम नोनबिर्रा सरपंच प्रेम लाल कंवर, पंचगव्य एवं आयुर्वेद चिकित्सक लोमश कुमार बच्छ व अन्य सदस्य पहुँचे हुए थे।

### कांपलेक्स में सुविधाएं बढ़ाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** नगर निगम साकेत भवन के बगल में संचालित व्यवसायिक काम्पलेक्स परिसर में प्रसाधन सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते हुए गौ रक्षा समिति द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। समिति के अध्यक्ष लालिमा जायसवाल के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि साकेत भवन के बगल में संचालित व्यवसायिक परिसर में होटल टॉप इन टाउन एवं स्टेट बैंक तथा दुकानें संचालित हैं। जहां लोगों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है। स्टेट बैंक में सरकारी कर्मचारियों व आम जनों की ज्यादातर बैंक खाते स्टेट बैंक में ही रहती हैं। कुछ दिवस पूर्व महतारी वंदन योजना फार्म भराये जाने के समय उक्त संबंधित क्षेत्र में काफी भीड़ देखी जा रही थी। खाते को आधार से लिंक कराये जाने के कारण बैंक में भीड़ एवं निगम परिसर के चॉईस सेंटर में बहुत भीड़ देखी जा सकती थी। उस दौरान महिलाएं प्रसाधन की उपलब्धता न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना कर रही थीं। इस प्रकार की कमियां जिले के सकारात्मक छबि को धूमिल करती है। ज्ञापन सौंपने वालों में संध्या भारद्वाज, सुनीता अग्रवाल एवं कविता यादव उपस्थित थीं।

### शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** कोरबा जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा छग के निर्देशानुसार एवं प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडे शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के मार्गदर्शन में स्वीप के अंतर्गत शपथ ग्रहण कराया गया। जिसका उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में युवा बड चढ़ कर अपना मत का उपयोग करें। इससे मतदाता जागरूकता अभियान में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करना है जो देश के भविष्य हैं और जो देश के भविष्य बनाते हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह के दौरान स्वीप प्रभारी एसके मूर्ति, श्रीमती अंजली, एनसीसी ऑफिसर एसकुमार और प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पूर्व में केंद्र सरकार ने तय कर रखी थी 221 रुपए प्रतिदिन

# मनरेगा की बढ़ी मजदूरी, अब मिलेंगे मजदूरों को 243 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के मजदूरी दर को केंद्र सरकार ने बढ़ाकर 243 रुपए प्रतिदिन कर दिया है। पूर्व में यह मजदूरी 221 रुपए प्रतिदिन निर्धारित की गई थी। जिले में पंजीकृत जॉब कार्डधारियों की संख्या लगभग 1 लाख है। वर्तमान में 27 हजार श्रमिक योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों में नियोजित हैं। मजदूरी की नई दर 1 अप्रेल से लागू कर दी जाएगी।

**खास बात**

- वर्तमान में जिले में 27 हजार मजदूर विभिन्न कार्यों में हैं नियोजित

केंद्र सरकार की मनरेगा योजना में मजदूरी की दर बढ़ाने को लेकर पहले से ही मांग उठते जा रही थी। पूर्व में काम की अवधि भी सरकार ने बढ़ा दी है। 100 दिन की बजाए अब प्रत्येक जॉब कार्डधारी मजदूर को 150 दिन का काम दिया जा रहा है। मजदूरी की दर में यह वृद्धि 5 वर्ष बाद की गई है। जिले में इस आशय के निर्देश मिले हैं। राज्य शासन की ओर से केंद्र से मिले मजदूरी दर बढ़ाने के निर्देश का 1 अप्रैल से पालन शुरु करा दिया जाएगा। वर्तमान में जिले के 712 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत हैं। पंचायत से मिले प्रस्ताव के आधार पर सभी कार्य स्वीकृत हुए हैं। महिला मजदूरों की संख्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा बताई गई है। मनरेगा प्रकोष्ठ ने ग्रामीण महिला मजदूरों को मनरेगा योजना में निहित मापदण्डों का पालन करते हुए उन्हें सुविधाएं दी जा रही हैं। जिले का पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सर्वाधिक मजदूर मनरेगा में काम करते हैं। लगभग 100 ग्राम पंचायतों वाले इस विकासखंड में ग्रामों की संख्या 212 हैं।



फाइल फोटो

### ये काम चल रहे हैं ग्रामीण अंचलो में

मनरेगा के तहत इस समय ग्रामीण अंचलों में सामुदायिक भागीदारी के कामों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। जिनमें तालाब गहरीकरण, नए तालाब का निर्माण, कुएं का निर्माण ऐसे कार्य प्रमुख हैं। इनके अलावा पहुंच मार्ग के कार्यो को भी फोकस किया जा रहा है। ऐसे ग्रामीण अंचलों में जहां पहुंच मार्ग नहीं बना है वहां मनरेगा से मिट्टी की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पहुंच मार्ग और तालाब गहरीकरण ऐसे कार्य हैं जिसमें सर्वाधिक ग्रामीणों को रोजगार मिलता है।

### मजदूरी नए दर पर मिलेगी

केंद्र सरकार ने मनरेगा की मजदूरी दर बढ़ा दी है। 221 रुपए की जगह 243 रुपए मिलेंगे। 1 अप्रैल से मजदूरी की नई दर लागू होगी। राज्य शासन से पत्र का इंतजार है।

-**संदीप डिक्सेना,** परियोजना अधिकारी

### होली की वजह से घटी संख्या

बीते एक सप्ताह के दौरान सभी विकासखंड से मनरेगा में काम करने आने वाले मजदूरों की जानकारी लिए जाने पर यह आंकड़ा सामने आया कि पूरे जिले में होली त्यौहार की वजह से जॉब कार्डधारी मजदूर अपने काम पर नहीं आ रहे हैं। मनरेगा के विकासखंड स्तरीय प्रकोष्ठ से मिली जानकारी के अनुसार 27 हजार मजदूर ही इस समय नियोजित हैं जो चल रहे कार्यों में मजदूरी कर रहे हैं। जिला पंचायत के मनरेगा प्रकोष्ठ के एपीओ संदीप डिक्सेना के अनुसार होली के त्यौहार की वजह से मजदूर काम पर नहीं आ रहे हैं। यह संख्या आने वाले महीनों में बढ़ेगी।

# करंट प्रवाहित बिजली तार गिरने से दो बच्चे झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वह स्थल जहां टूटा था तार।

कटघोरा के ग्राम पंचायत धईवपुर गांव में बुधवार की शाम सड़क पर टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से दो बच्चे बुरी तरह से झुलस गए। धईवपुर गांव दो बच्चे घर से निकलकर सामने दौड़ने लगे। इसी दौरान सड़क पर गिरे बिजली के तार के करंट की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने किसी तरह से दोनों बच्चों को तार से अलग किया, लेकिन तब तक दोनों बच्चों झुलस गए। दोनों बच्चों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली का तार काफी जर्जर हो चुका है। एक महीने के भीतर चार बार तार टूटकर गिर चुका है। शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। विद्युत विभाग की लापरवाही कोई बड़ी घटना हो सकती थी इस पर विद्युत विभाग को ध्यान देना चाहिए।

### सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी नगर निवासी प्रदीप चतुर्वेदी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 23 मार्च को अपने परिवार सहित अपने घर के दरवाजा बंद कर ताला लगाकर अपने बेटा के यहां रायपुर गये थे। 26 मार्च की सुबह लगभग 9 बजे मेरी साली शशि मिश्रा फोन करके बताई कि घर का ताला टूटा पडा है एवं आलमारी तथा घर का सामान अस्त व्यस्त बिखरा पडा है। कोई अज्ञात चोर द्वारा घर एवं आलमारी में लगा ताला को तोड़ कर सामान को अस्त व्यस्त कर सामान चोरी कर ले गया होगा। इस सूचना पर प्रदीप 27 मार्च को रायपुर से कोरबा आकर अपने घर में रखे सामान को देखा। जिसमें घर के आलमारी में रखा 16 नग चांदी का सिक्का, चांदी का पायल 2 नग प्रत्येक जोडी 10-10 तोला एवं नगदी रकम 5 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। प्रदीप की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### जिला पुलिस ने नाबालिग सहित 4 गुम इंसान को किया बरामद

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि गुम इंसान की दस्तयाबी के लिये तत्काल कार्यवाही करें। जिस पर पुलिस द्वारा 27 मार्च को कुल 4 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। जिसमें थाना कटघोरा, पसान, बांगो और चौकी कोरबी से 1-1 गुम इंसान/बालिका को दस्तयाब किया गया। ज्ञात हो कि नाबालिकों के गुम होने के मामले को अति संवेदनशील और गंभीर मामला माना जाता है। प्रत्येक मामले में नाबालिक का अपहरण होने की दृष्टिकोण से देखा जाकर तत्काल अपहरण के धारा 363 भादवि के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया जाता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक मामले में विशेष टीम का गठन कर बरामदगी का प्रयास किया जाता है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य की मदद से गुम इंसान को बरामद करने का प्रयास करती है। इसी के तहत वर्ष 2024 में अभी तक कुल 126 गुम इंसान को बरामद करने में सफलता मिली है जिसमे 25 पुरुष, 62 महिला, 9 बालक एवं 30 बालिकाएं शामिल हैं।

# बाइक गिरी पुल के नीचे एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीधे पुल के नीचे जा गिरी। जिससे बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसमें से एक युवक को गंभीर अवस्था में रायपुर रेफर कर दिया गया है।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के अजगरबहार के समीप बरघाट की घटना

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़कटरा निवासी शिशुपाल कंवर 38 वर्ष पिता कुमार सिंह अपने दो अन्य साथी हीरा सिंह व एक अन्य के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर बालको से गढ़कटरा जा रहे थे की देर रात लगभग 9 बजे अजगरबहार के समीप बरघाट पर पहुंचे थे कि उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीधे पुल के नीचे जा गिरी। जिसके बाद आम राहगीरों की मदद से तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत शिशुपाल कंवर को मृत घोषित कर दिया जबकि हीरा सिंह को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर स्थित अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि एक अन्य व्यक्ति हालत गंभीर बताई जा रही है।

# इंस्पायर अवार्ड में चैतमा से यामनी यादव का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा कबाड़ से जुगाड़ रद्दी कागजों से उपयोगी सामग्री बनाने के लिए संस्था के प्राचार्य संरक्षक निर्देश पर वीरेन्द्र कुमार बंजारे व्याख्याता जीव विज्ञान के मार्गदर्शन में यामनी यादव का चयन हुआ है। इंस्पायर अवाड्र्स मानक में बच्चों को केवल मौलिक विचारों, नवप्रवर्तनों के लिए प्रेरित करना चाहिए। माता-पिता बच्चों के मौलिक विचारों को प्रोटोटाइप, मॉडल बनाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन अपने खुद के विचार नहीं दे सकते हैं। रद्दी कागज से आवश्यक सुंदर घरेलू वस्तु बनाकर घर सुंदर लिए रख सकते हैं। रद्दी कागज को भिगोकर लुगदी बना कर उसमें फेविकोल मिलाकर अच्छे से मिला ले। घरेलू बर्तन टोकरी,गिलास, प्लेट, पैना, नाश्ता प्लेट, बटकी, देवरी,थाली बना कर रद्दी कागजों से उपयोगी वस्तु बना सकते हैं। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि एक बेहतर आइडिया किसी भी छात्र के जीवन को बदल सकता है। बता दें कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से एक स्कीम का नाम इंस्पायर अवार्ड मानक योजना है। इस योजना के तहत छात्रों को मॉडल सलेक्शन होने पर 10 हजार दिया जाता हैं। इंस्पायर अवार्ड यामनी यादव के शलेक्शन होने पर व्याख्याता विजेता चतुर्वेदी, सुरेंद्र सिंह नेटी, भगीरथी श्रीवास, आई टी शिक्षक मुराली लाल धीवर, नबीउल्ला सिद्दिकी, कर्मचारियों ने प्रशंसा की।



प्रतिभागी यामिनी व शिक्षक।

# स्नूकर गेम पर हार जीत का दांव लगाते 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सभी किस्म के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने का फरमान जारी किया गया है। पुलिस टीम के द्वारा पहले भी सट्टा के तीन प्रकरणों में सट्टा खेलने वालों पर कार्यवाही की गई है। इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा एवं थाना सिविल लाईन रामपुर को मुखबीर से सूचना मिली कि आयूष शर्मा के क्यू स्टीक दुकान टीपी नगर में कुछ व्यक्ति रूपए पैसे का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रवीन्द्र मीना के मार्गदर्शन में मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दविश देने पर 4 व्यक्तियों द्वारा स्नूकर गेम पर हार जीत का दांव खेलते पाया गया। जिनसे पूछताछ पर जुआ सट्टा खेलना स्वीकार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में रानी रोड सिंधी कालोनी निवासी अनुराग सुखदेव उम्र 24 वर्ष, बेलाकछार निवासी रोमेश विश्वास उम्र 29 वर्ष, एस.एस. ग्रीन कालोनी निवासी कार्तिक चावलानी उम्र 24 वर्ष, रामनगर दुर्गा पण्डाल के पास मानिकपुर निवासी आशीष जांगड़े उम्र 18 वर्ष शामिल हैं। जिनसे 2 नग लकड़ी का बना हुआ स्नूकर क्यू स्टीक, 21 नग विभिन्न रंगो का स्नूकर बॉल, कुल नगदी रकम 750 रूपए जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ सट्टा प्रतिषेध अधिनियम के अधीन विधिवत कार्यवाही की गई।

**खास बात**

- सायबर सेल व सिविल लाइन थाना की संयुक्त कार्यवाही

# बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है।

ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा -

**खास बात**

- लोकसभा चुनाव की तैयारी

आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया विश्व क्षयरोग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस दिन जिले में इस वैश्विक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साधारण भाषा में टीबी रोग को क्षय रोग अथवा तपेदिक के नाम से जानते है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणुओं की वजह से होती है, लेकिन यह बीमारी लाइलाज नहीं है। जिले में टीबी के सैकड़ों मरीज हर वर्ष सामने आते हैं। समय रहते इस बीमारी का इलाज करवा लिया जावे तो इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

जिले के नागरिकों को टीबी रोग की भयावहता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम तथा समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को टीबी के कारण लक्षण और उपचार के संबंध में जानकारी दी गई तथा लक्षण वाले मरीजों को स्पूटम जांच कराने को कहा गया। मेडिकल कॉलेज कोरबा में अधिकारियों नागरिको मेडिकल नर्सिंग छात्र छात्राओं तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में सेमिनार का आयोजन किया। टीबी के संबंध में जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली बनाया गया। रंगोली प्रतियोगिता में विजयी टीम को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट तथा नोडल अधिकारी टीबी के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। सबसे कॉमन फेफडो का टीबी है और यह हवा के माध्यम से एक दूसरे इंसान में फैलती है। मरीज के खांसने, छीकने के दौरान मुंह तथा नाक से निकलने वाली बारीक बूँदे फैलाती है। फेफड़ों के अलावा ब्रेन, यूट्रस, मुँह, लीवर, किडनी, तंत्रिका तंत्र सहित शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। टीबी के लक्षण जैसे लगातार खांसी जो तीन सप्ताह से अधिक समय तक हो जो खूनी हो सकता है। वजन घटना भूख ना लगना, रात में पसीना आना बुखार आना तथा अत्यधिक थकावट होना है। उन्होंने बताया कि टीबी एक गंभीर स्थिति है, लेकिन उचित उपचार से इसे ठीक किया जा सकता है।



कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक।

